# देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानें

## चर्चा में क्यों?

10 नवंबर, 2021 को हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस वर्ष के लिये देश के सर्वश्रेष्ठ तीन पुलिस थानों में से हरियाणा के ज़िला फतेहाबाद के भट्टू-कलां के पुलिस थाने को भी चयनित किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- उन्होंने बताया कि आगामी 19 नवंबर, 2021 को लखनऊ में आयोजित होने वाली पुलिस महानिदेशकों व पुलिस महानिरीक्षकों की कॉन्फ्रेंस में भट्टू-कलां पुलिस थाना के एसएचओ को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।
- भट्टू-कलां थाने के एसएचओ ओमप्रकाश के अनुसार थाने में जितनी भी शिकायत प्राप्त होती हैं, उनका निपटान तुरंत प्रभाव से करवा दिया जाता है और अभी तक गाँव भट्टू कलां की शत-प्रतिशत शिकायतों का निपटान किया जा चुका है।
- एसएचओ ने आगे बताया कि उनके द्वारा महिला शिकायकर्त्ताओं के सहयोग के लिये महिला हेल्पडेस्क भी तैयार की गई है, ताकि महिलाओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।
- गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीमों ने उन्हें बिना जानकारी दिये उनके थाने का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र व गाँवों के लोगों से बातचीत कर पुलिस थाना कर्मचारियों व एसएचओ का फीडबैक लिया, जिसमें वे अव्वल आए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/best-police-stations